## PAPER – II

## HINDI

**Note :** Attempt all the questions. Each question carries *two* (2) marks.

**1.** हिन्दी साहित्य के प्रथम प्रामाणिक इतिहास लेखक हैं:

1) गार्सा द तॉसी
2) ग्रियर्सन
3) मिश्रबंधु
4) रामचन्द्र शुक्ल

**2.** यह भाषा गँवारू भाषा मानी जाती थी:

1) खड़ी बोली
2) हरियाणी
3) पालि
4) प्राकृत

**3.** अपभ्रंश भाषा को वह नाम इन्होंने दिया:

1) बलभद्र सूरी
2) हेमचन्द्र सूरी
3) रामचन्द्र शुक्ल
4) गंग कवि

**4.** यह शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित हुई है:

1) अवधी
2) मैथिली
3) बिहारी
4) ब्रजभाषा

**5.** हिन्दी का सर्व प्रथम पत्र है:

1) उदंत मार्तण्ड
2) बंगदूत
3) सरस्वती
4) हिन्दी प्रदीप

**6.** यामिनी भाषा छोड़, आगरे की बोली में कह इन्होंने कहा:

1) लल्लू लाल
2) सदासुखलाल
3) इंशा अल्ला खाँ
4) सदल मिश्र

www.prepp.in

**7.** मानक हिन्दी रूप को पहचानिए:

1) मेरी समझ में कुछ न आया
2) मेरी कुछ समझ में न आया
3) कुछ मेरी समझ में न आया
4) मेरी समझ में न आया कुछ

**8.** "क" इस वर्ग की ध्वनि है:

1) अघोष स्पर्श व्यंजन
2) सघोष स्पर्श व्यंजन
3) संघर्षी व्यंजन
4) मूर्धन्य स्पर्श व्यंजन

**9.** नागरी लिपि इस लिपि से विकसित मानी जाती है:

1) खरोष्ठी लिपि
2) शारदा लिपि
3) ब्राह्मी लिपि
4) चित्र लिपि

**10.** दक्षिण के इस राजा ने ब्रज भाषा में काव्य की रचना की:

1) कृष्णदेवरायन
2) महेन्द्र वर्मा
3) राम वर्मा
4) वेंकटरायलु

**11.** साहित्य का आदिकाल के लेखक थे:

1) राहुल सांकृत्यायन
2) रामकुमार वर्मा
3) रामचन्द्र शुक्ल
4) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

**12.** भरतेश्वर बाहुबली रास के रचयिता है:

1) नरपति नाल्ह
2) शालिभद्र सूरी
3) कण्हपा
4) विद्यापति

**13.** फागू काव्य के रचयिता कौन थे:

1) सिद्ध कवि
2) नाथ कवि
3) जैन कवि
4) वैष्णव कवि

**14.** वल्लभाचार्य के शिष्यों का उल्लेख किस रचना में मिलता है:

1) चौरासी वैष्णवन की वार्ता
2) दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता
3) भक्तमाल
4) सिद्धांत पंचाध्यायी

**15.** प्रेमवाटिका किसकी रचना है:

1) मीराबाई
2) रहीम
3) बिहारी
4) रसखान

**16.** श्रृंगार को रसराज मानने वाले कवि–

1) केशवदास
2) भूषण
3) घनानंद
4) बिहारी

**17.** वीर रस प्रधान काव्य रचना के लिए प्रसिद्ध थे।

1) मतिराम
2) भूषण
3) चिन्तामणि
4) घनानंद

**18.** राजा भोज का सपना किसकी रचना है:

1) राजा शिवप्रसाद
2) राजा लक्ष्मण सिंह
3) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
4) सदल मिश्र

**19.** हिन्दी के स्वच्छन्दतावाद के प्रथम कवि थे:

1) निराला
2) पंत
3) श्रीधर पाठक
4) प्रसाद

**20.** गाँधिजी के जीवन पर आधारित प्रबंध काव्य कौन सा है:

1) कनुप्रिया
2) महाभारत
3) आत्मजयी
4) एक पुरुष और

**21.** निराला के निबंध संग्रहों का कालक्रमानुसार सही क्रम है:

1) प्रबंध प्रतिमा, प्रबंध पद्म, चाबुक, चमक

2) चमक, चाबुन, प्रबंध पद्म, प्रबंध प्रतिमा

3) चाबुक, चमक, प्रबंध प्रतिमा, प्रबंध पद्म

4) प्रबंध पद्म, प्रबंध प्रतिमा, चाबुक, चमक

**22.** महादेवी वर्मा के संस्मरण साहित्य के लेखन का सही क्रम है:

1) अतीत के चलचित्र, स्मृति रेखाएँ, पथ के साथी, मेरा परिवार

2) मेरा परिवार, अतीत के चलचित्र, पथ के साथी, स्मृति की रेखाएँ

3) पथ के साथी, अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएँ, मेरा परिवार

4) स्मृति की रेखाएँ, पथ के साथी, मेरा परिवार अतीत के चलचित्र

**23.** महादेवी वर्मा के रेखाचित्र के सही क्रम का सही क्रम है:

1) मिट्टि के पुतले, समय के पांव, बोलती प्रतिमा, माटी की मूरतें

2) माटी की मूरतें, मिट्टि के पुतले, समय के पांव, बोलती प्रतिमा

3) बोलती प्रतिमा, माटी की मूरतें, मिट्टि के पुतले, समय के पांव

4) समय के पांव, बोलती प्रतिमा, माटी की मूरतें, मिट्टि के पुतले

**24.** प्रकाशसिंहा के नाटकों का सही क्रम है:

1) दुश्मन, मेरे भाई मेरे दोस्त, पंचतंत्र, मन के भँवर

2) मेरे भाई मेरे दोस्त, पंचतंत्र, मन के भँवर, दुश्मन

3) पंचतंत्र, मन के भँवर, दुश्मन, मेरे भाई मेरे दोस्त

4) मेरे भाई मेरे दोस्त, मन के भँवर, दुश्मन, पंचतंत्र

25. मैथिली शरण गुप्त के काव्यों का सही क्रम है:

1) भारत भारती, झंकार, यशोधरा, विष्णुप्रिया

2) झंकार, यशोधरा, विष्णुप्रिया, भारत भारती

3) विष्णुप्रिया, भारत भारती, झंकार, यशोधरा

4) यशोधरा, भारत भारती, विष्णुप्रिया, झंकार

26. हज़ारी प्रसाद द्विवेदी के निबंध संग्रहों का सही क्रम है:

1) अशोक के फूल, विचार और वितर्क, कल्पलता, कुटज

2) कल्पलता, कुटज, विचार और वितर्क, अशोक के फूल

3) कुटज, अशोक के फूल, कल्पलता, विचार और वितर्क

4) विचार और वितर्क, कल्पलता, कुटज, अशोक के फूल

27. प्रकाशन काल के अनुसार पत्रों का सही क्रम है:

1) चाँद, माधुरी, कल्याण, हंस

2) माधुरी, कल्याण, चाँद, हंस

3) कल्याण, चाँद, हंस, माधुरी

4) हंस, माधुरी, कल्याण, चाँद

28. सैद्धांतिक आलोचना ग्रंथों का सही क्रम है:

1) काव्य-दर्पण, हिन्दी काव्य शास्त्र का इतिहास, जीवन के तत्व और काव्य सिद्धांत, काव्य-विमर्श

2) जीवन के तत्व और काव्य सिद्धांत, काव्य-विमर्श, हिन्दी काव्य शास्त्र का इतिहास, काव्य-दर्पण

3) हिन्दी काव्य शास्त्र का इतिहास, जीवन के तत्व और काव्य सिद्धांत, काव्य-विमर्श, काव्य-दर्पण

4) जीवन के तत्व और काव्य सिद्धांत, काव्य-दर्पण, काव्य-विमर्श, हिन्दी काव्य शास्त्र का इतिहास

**29.** हिन्दी साहित्य के इतिहास ग्रंथों का कालक्रमानुसार सही क्रम है:

1) शिवसिंह सरोज, मिश्रबन्धु विनोद, हिन्दी साहित्य का इतिहास, हिन्दी साहित्य की भूमिका

2) हिन्दी साहित्य की भूमिका, मिश्रबन्धु विनोद, शिवसिंह सरोज, हिन्दी साहित्य की इतिहास

3) मिश्रबन्धु विनोद, शिवसिंह सरोज, हिन्दी साहित्य की भूमिका, हिन्दी साहित्य का इतिहास

4) हिन्दी साहित्य का इतिहास, शिवसिंह सरोज, हिन्दी साहित्य की भूमिका, मिश्रबन्धु विनोद

**30.** कामायनी के सर्गों का क्रम है

1) चिंता, आशा, श्रद्धा, काम

2) आशा, चिंता, श्रद्धा, काम

3) काम, चिंता, आशा, श्रद्धा

4) श्रद्धा, काम, आशा, चिंता

**31.** निम्न रचनाओं को कवियों से सुमेलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | उपदेश रसायण रास | i. | रामसिंह |
| b. | पाहुड दोहा | ii. | पुष्पदन्त |
| c. | महापुराण | iii. | जिन्दत्त सूरि |
| d. | सन्देश रासक | iv. | अब्दुल रहमान |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| 1) | iii | ii | i | iv |
| 2) | ii | iii | iv | i |
| 3) | iv | ii | i | iii |
| 4) | i | ii | iii | iv |

**32.** निम्न कवियों को उनकी रचनाओं से सुमेलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | नंददास | i. | भक्ति प्रकाश |
| b. | सूरदास | ii. | परमानंद सागर |
| c. | परमानन्द दास | iii. | रूप मंजरी |
| d. | चतुर्भुज दास | iv. | सूरसागर |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| 1) | iii | iv | ii | i |
| 2) | ii | iii | iv | i |
| 3) | iv | ii | i | iii |
| 4) | i | ii | iii | iv |

**33.** निम्न भाषाओं को उनके प्रदेश से सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | पैशाची | i. | कौशल |
| b. | मागधी | ii. | शूरसेन |
| c. | अर्ध मागधी | iii. | अवध |
| d. | शौरसेनी | iv. | उत्तम-पश्चिम भू भाग |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| 1) | ii | iv | iii | i |
| 2) | i | ii | iv | iii |
| 3) | iv | iii | i | ii |
| 4) | i | iii | iv | ii |

**34.** काव्यों से उसके नायकों को सुमेलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | ऋतु पर्ण | i. | पद्मावत् |
| b. | रत्नसेन | ii. | मधुमालती |
| c. | मनोहर | iii. | सत्यवती कथा |
| d. | ढ़ोला | iv. | ढ़ोला मारू रा दोहा |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| 1) | ii | i | iii | i |
| 2) | iii | i | ii | iv |
| 3) | iv | ii | iii | i |
| 4) | i | iii | iv | ii |

Prepp Your Personal Exams Guide

**35.** निम्न रचनाओं को उनके कवियों सुमेलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | कृष्ण गीतावली | i. | सेनापति |
| b. | रामचन्द्रिका | ii. | प्राणचन्द चौहान |
| c. | राम रसायण वर्णन | iii. | तुलसीदास |
| d. | रामायण महानाटक | iv. | केशवदास |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| 1) | ii | i | iii | iv |
| 2) | ii | iv | iii | i |
| 3) | iii | iv | i | ii |
| 4) | iv | i | ii | iii |

**36.** निम्न मूल ग्रंथों को उनके अनुवादों से सुमेलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | लब्ज ऑफ द हेयर | i. | अभागे का भाग्य |
| b. | ला मिजरबुल | ii. | टाम काका कुटिया |
| c. | अकल टम्स केविन | iii. | रंग महल |
| d. | द एबट | iv. | रानी मेरी |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| 1) | iii | i | ii | iv |
| 2) | ii | iv | iii | i |
| 3) | iii | iv | i | ii |
| 4) | iv | i | ii | iii |

**37.** कवि और उनकी कृतियों को सुमेलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | अज्ञेय | i. | जागो फिर एक बार |
| b. | निराला | ii. | चाँद का मुँह टेढ़ा |
| c. | नागार्जुन | iii. | बावरी अहेरी |
| d. | मुक्तिबोध | iv. | प्रेत का बयान |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| 1) | i | iii | iv | ii |
| 2) | iii | i | iv | ii |
| 3) | iv | iii | i | ii |
| 4) | ii | iv | iii | i |

**38.** निम्न लिखित ग्रन्थों को उनके रचनाकार के साथ सुमेलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | कविप्रिया | i. | बिहारी |
| b. | शिवा बावनी | ii. | केशवदास |
| c. | रसकेलिवाली | iii. | घनानंद |
| d. | बिहारी सतसई | iv. | भूषण |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| 1) | ii | iv | iii | i |
| 2) | iv | ii | iii | i |
| 3) | i | iii | iv | ii |
| 4) | ii | iii | iv | i |

**39.** निम्न लिखित काव्यों को उनके प्रतिपाद्य विषय से सुमेलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | प्रियप्रवास | i. | मनु श्रद्धा की कथा |
| b. | यशोधरा | ii. | राधा और कृष्ण की कथा |
| c. | साकेत | iii. | राम की कथा |
| d. | कामायनी | iv. | गौतम बुद्ध और यशोधरा की कथा |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| 1) | iv | ii | iii | i |
| 2) | ii | iv | i | iii |
| 3) | i | ii | iii | iv |
| 4) | ii | iv | iii | i |

**40.** निम्न लिखित उपन्यासकारों को उनके उपन्यासों के साथ सुमेलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | भैरव प्रसाद गुप्त | i. | झूठा सच |
| b. | रांगेय राघव | ii. | घरौंदा |
| c. | नागार्जुन | iii. | मशाल |
| d. | यशपाल | iv. | रति नाथ की चाची |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| 1) | iii | ii | iv | i |
| 2) | ii | iii | iv | i |
| 3) | ii | iv | iii | i |
| 4) | i | ii | iii | iv |

**41.** स्थापना (Assertion) A: काव्य, कल्पना और अनुभूति से गृहीत सत्य की रमणीय शब्दों में अभिव्यक्ति है।

तर्क (Reason) R: क्योंकि सत्य का प्रतिपादन ही काव्य का उद्देश्य है।

1) A सही R गलत
2) A गलत R सही
3) A सही R सही
4) A गलत R गलत

**42.** स्थापना (Assertion) A: विचार या बुद्धि-तत्व से हीन कोई भी वर्णन हास्यास्पद हो जाता है।

तर्क (Reason) R: क्योंकि कवि की विचार प्रवणता और बुद्धि प्रवणता काव्य की सफलता निर्भर है।

1) A सही R सही
2) A गलत R गलत
3) A गलत R सही
4) A सही R गलत

**43.** स्थापना (Assertion) A: ज्ञान राशी के संचित कोश का नाम साहित्य है।

तर्क (Reason) R: क्योंकि ज्ञान से काव्य में सत्य प्रकट होता है।

1) A सही R सही
2) A और R गलत
3) A गलत R सही
4) A सही R गलत

www.prepp.in

**44.** स्थापना (Assertion) A: काव्य में कल्पना और अनुभूति के माध्यम से गृहीत सत्य का निरूपण किया जाता है।

तर्क (Reason) R: क्योंकि सत्य का निरूपण काव्य का उद्देश्य है।

1) A सही R गलत
2) A गलत R सही
3) A सही R सही
4) A गलत R गलत

**45.** स्थापना (Assertion) A: प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चित्त वृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है।

तर्क (Reason) R: क्योंकि साहित्य जनता की चित्तवृत्ति की उपज है।

1) A सही R गलत
2) A सही R सही
3) A गलत R गलत
4) A गलत R सही

निर्देशः निम्न लिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे संबंधित प्रश्नों के दिये गये बहुविकल्पों में से सही विकल्प का चयन करेः

साहित्य मानव की समष्टिगत चेतना की शब्दगत अभिव्यक्ति है। मानव जीवन के कार्य, भाव-विचार, आशा-आकाँक्षा सब साहित्य में प्रतिबिंबित होते हैं। साहित्य शब्द की जो व्याख्या संस्कृत आचार्यों और पश्चिम के विद्वानों ने की है, उससे भी साहित्य और समाज के परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध का पता चलता है। सहितस्य भावः साहित्यम् अर्थात्, जिस कृति में लोक हित की भावना हो उसे साहित्य कहते हैं। अंग्रेज़ी के प्रसिद्ध विद्वान मैथ्यू आर्नल्ड की उक्ति poetry is the criticism of life में भी समाज और कविता का घनिष्ठ सम्बन्ध बताया गया है। एक अन्य विद्वान ने साहित्य को समाज का दर्पण कहा है literature is the mirror of society. आधुनिक हिन्दी विचारकों एवं साहित्यकारों ने भी ऐसा ही मत प्रकट किया है। जैनेन्द्र कहते हैं, मनुष्य का और मनुष्य जाति का भाषाबद्ध ज्ञान ही साहित्य है। डॉ. गुलाबराय का कथन है, अच्छा कलाकार अपने युग का मुख और मस्तिष्क होता है। मस्तिष्क में जो विचार उठते हैं, मुख वही बोलता है। युग से जो आवाज़ उठती है, साहित्यकार उसी को प्रतिध्वनित करता है। साहित्य में दीवन का चित्रण होता है और जीवन सामाजिक यथार्थ का ही दूसरा नाम है।

**46.** सामाजिक यथार्थ का दूसरा नाम क्या हैः

1) जीवन
2) घटना
3) अनुभव
4) अभिव्यक्ति

**47.** जैनेन्द्र के अनुसार साहित्य वह है

1) मानव एवं मानव जाति के लिपिबद्ध ज्ञान

2) मानव एवं मानव जाति का भाषाबद्ध एवं अक्षर बद्ध ज्ञान

3) मानव एवं मानव जाति के अनुभवों की अभिव्यक्ति

4) मानव एवं मानव जाति का इतिहास

**48.** गुलाब राय के अनुसार साहित्यकार किसे प्रतिध्वनित करता है?

1) वर्ग की आवाज़

2) मनुष्य की आवाज़

3) युग की आवाज़

4) साहित्यकार की आवाज़

**49.** अच्छा कलाकार वह होता है:

1) जो आदर्शवादी होता है

2) जो यथार्थवादी है

3) जो अपने युग का मुख और मस्तिष्क होता है

4) जो आत्म केन्द्रित है

**50.** साहित्य किसे कहते हैं?

1) लोकहित भावना से युक्त चेतना

2) व्यक्ति हित भावना से युक्त रचना

3) जातिहित भावना से युक्त चेतना

4) वर्ण हीन भावना से युक्त चेतना

Prepp
Your Personal Exams Guide

ROUGH WORK

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

ROUGH WORK

Prepp Your Personal Exam Guide